भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 3339

गुरूवार, 31 मार्च, 2022/10 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन स्थलों का मानचित्रण**

**3339. श्री राकेश सिन्हाः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में संभावित पर्यटन स्थलों को खोजने के लिए पर्यटन स्थलों का मानचित्रण किया है;

(ख) यदि हां, तो कितने नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने पर विचार किया गया है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार पर्यटन स्थलों का मानचित्रण करेगी; और

(घ) क्या सरकार ने पर्यटन स्थलों को उनकी क्षमता के आधार पर वर्गीकृत किया है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): विकास और संवर्धन के उद्देश्य से पर्यटन स्थानों/स्थलों का मानचित्रण/पहचान एक सतत प्रक्रिया है और यह मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है ।

हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने पूरे देश में विकास के लिए 15 थीम आधारित परिपथों को चिह्नित किया है, जिनमें बौद्ध परिपथ, तटीय परिपथ, मरूस्थल परिपथ, इको परिपथ, विरासत परिपथ, हिमालयन परिपथ, कृष्ण परिपथ, पूर्वोत्तर परिपथ, रामायण परिपथ, ग्रामीण परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ, सूफी परिपथ, तीर्थंकर परिपथ, जनजातीय परिपथ और वन्यजीव परिपथ शामिल हैं । इसके अलावा, प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में कुल 68 गंतव्यों/स्थलों की पहचान की गई है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने विकास और संवर्धन के लिए निम्नलिखित आला उत्पादों की भी पहचान की है:

- क्रूज
- साहसिक
- चिकित्सा
- निरोगता

- गोल्फ
- पोलो
- बैठक प्रोत्साहन सम्मेलन और प्रदर्शनियां (एमआईसीई)
- इको पर्यटन
- फिल्म पर्यटन
- दीर्घकालिक पर्यटन
- ग्रामीण पर्यटन

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन गंतव्यों की संभावनाओं को साकार करने के लिए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अभियानों, वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पर्यटन उत्पादों के साथ-साथ अपने विभिन्न पर्यटन गंतव्यों/स्थलों/परिपथों का प्रदर्शन करके भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन कर रहा है ।

*****